C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:31 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:38 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 128 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 9 नवंबर 2024

लोकगीत प्रतियोगिता प्रथम...पेज-4 पर

## News कॉर्नर

### नशा तस्कर को 14 साल कारावास व एक लाख अर्थदण्ड

**नैनीताल ।** अपर जिला न्यायाधीश प्रथम/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट विक्रम की अदालत ने नशे के इंजेक्शन की तस्करी करने के आरोपी को 14 साल के कठोर कारावास व 1 लाख रुपये अर्थदंड को सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूजा साह ने कोर्ट को बताया कि 29 अक्टूबर 2022 को बनभूलपुरा हल्द्वानी में पुलिस ने मो. इमरान पुत्र इकरार को नशे के इंजेक्शनों की बड़ी खेप के साथ गिरफ्तार किया था।

### चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है जिसे कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है बनभूलपुरा थाना पुलिस बीती रात रेलवे स्टेशन पर रात्रि गश्त कर रही थी। तभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जिस पर पुलिस को शक हुआ पुलिस ने भागते हुए युवक को पकड़ लिया। और उसकी तलाशी तलाशी के दौरान उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम करण पुत्र लक्ष्मा बाबू निवासी जवाहर नगर बताया। उसने पुलिस को बताया कि वह है यहां लोगों को चाकू दिखाकर उन्हें डरा कर लूटने का प्रयास कर रहा था पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

### वन अग्नि से संबंधित गोष्ठी का आयोजन किया

नैनीताल। जिले के औद्योगिक संस्थान बेतालघाट के छात्रों के साथ शुक्रवार को वन अग्नि से संबंधित गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें औद्योगिक संस्थान के प्रधानाचार्य राजेंद कुमार पांडे समेत मनोज कुमार भगत वन क्षेत्राधिकारी, निधि मनराल वन दरोगा, देवेंद्र सिंह वन दरोगा, अतुल भगत वन आरक्षी, नंदा प्रसाद वन आरक्षी, मदन मोहन जोशी वन आरक्षी द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान वन आरक्षी अतुल भगत द्वारा पीपीटी के माध्यम से वन अग्नि सुरक्षा सम्बंधी कार्य हेतु समझाया गया ।

# खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को उत्कृष्ट स्तर तक विकसित करने के निर्देश

देहरादून
हमारे संवाददाता

**बैठक**
- मुख्य सचिव ने अधिकारियों संग की बैठक




मुख्य सचिव ने नगर निगम देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी व रूद्रपुर से शहरों के सौन्दर्यीकरण, खेल आयोजन स्थलों तक जाने वाली अप्रोच रोड के मरम्मत, आयोजन स्थलों से कूड़ा प्रबन्धन एवं वॉलियन्टर्स को बस सेवाओं का लाभ देने के संबंध में भी निर्देश दिए।
मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर बैठक की। उन्होंने इस आयोजन को स्वर्णिम अवसर और चुनौती के रूप में लेने की हिदायत दी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को तैयारियों को तत्परता से अंतिम रूप देने के निर्देशदिए। सीएस ने नेशनल गेम्स के लिए राज्य के खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को उत्कृष्ट स्तर तक विकसित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में राज्य की उभरती हुई युवा खेल प्रतिभाएं अधिकाधिक लाभान्वित हो सके। मुख्य सचिव ने नगर निगम देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी व रूद्रपुर से शहरों के सौन्दर्यीकरण, खेल आयोजन स्थलों तक जाने वाली अप्रोच रोड के मरम्मत, आयोजन स्थलों से कूड़ा प्रबन्धन एवं वॉलियन्टर्स को बस सेवाओं का लाभ देने के संबंध में भी निर्देश दिए। साथ ही ट्रैफिक मूवमेंट, पार्किंग मेनेजमेंट, वीवीआईपी के लिए पुलिस एस्कोर्ट व प्रोटोकॉल प्राप्त गणमान्यों हेतु सुरक्षा प्रावधानों के सम्बन्ध में समन्वय के निर्देश दिए।

उत्तराखंड का 25 वां स्थापना दिवस आज

# रजत जयंतीः सीएम धामी ने शहीद आंदोलनकारियों को दी श्रद्धांजलि

देहरादून
हमारे संवाददाता



उत्तराखंड आज अपना 25 वां स्थापना दिवस मना रहा है। सीएम धामी से सबसे पहले शहीद स्मारक पहुंचकर राज्य के लिए अपना बलिदान देने वाले आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कचहरी देहरादून में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज उत्तराखंड राज्य रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर गया है। वहीं देहरादून के रिजर्व पुलिस लाइन्स में रैतिक परेड आयोजित की गई, जिसमें राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) सलामी ली।

सीएम धामी ने कहा कि हमारे राज्य आंदोलनकारियों द्वारा राज्य निर्माण के लिए किए गए संघर्षों के परिणामस्वरूप ही उत्तराखंड राज्य का गठन हुआ। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का भी इस अवसर पर स्मरण किया जिन्होंने उत्तराखंड राज्य की नींव रखी। कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं। राज्य स्थापना दिवस अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित परेड में चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ अनिल चौहान भी पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली हस्तियों को उत्तराखंड गौरव सम्मान से सम्मानित करेंगे। सीएम धामी ने कहा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को विभिन्न विभागों को साथ लेकर नीति बनाई जाएगी, वैली ब्रिज स्थापित होंगे, महिला नीति जल्द बनेगी, 50 से अधिक जनसंख्या वाले गांव को सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा, -युवा नीति बनाई जाएगी, सड़कों की गुणवत्ता के लिए ठेकेदार और अभियंताओं का उत्तरदायित्व निर्धारित करने के लिए विशेष प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जच्चा बच्चा प्रोत्साहन राशि दी जाएगी




# राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम

नैनीताल
हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में राज्य स्थापना दिवस के 25वें वर्ष प्रारम्भ होने पर शुक्रवार को कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों की आर्ट एवं भाषण प्रतियोगिता तथा अधिवक्ताओं, कर्मचारियों तथा बच्चों की चैस , कैरम, टेबल टैनिस, बैटमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 09 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुधांशु धुलिया मुख्य अतिथि रहेगें। इस दौरान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहरा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजत मित्तल,उपाध्यक्ष आनंद सिंह मेर,महिला उपाध्यक्ष मधु नेगी सामंत, सचिव वीरेंद्र सिंह रावत,संयुक्त सचिव कुंदन सिंह,संयुक्त सचिव प्रेस राहुल अधिकारी, कोषाध्यक्ष मोहित कुमार, लाइब्रेरियन हिमांशु राठौर,वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य विश्व प्रकाश बहुगुणा, सौरभ कुमार पाण्डेय, भुवनेश जोशी, मनोज कुमार शर्मा, शिवांगी गंगवार,वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य महिला सोनिका खुलबे,जूनियर कार्यकारी सदस्य प्रेम प्रकाश भट्ट, ध्रुव चंद्रा, ममता आर्य, आयुष गौड़,जूनियर कार्यकारी सदस्य सुखवनी सिंह सुमित बजाज समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# 29 यात्रियों के दल को बद्रीनाथ के लिए रवाना किया

नैनीताल
हमारे संवाददाता

डीटीडीओ अतुल भंडारी ने शुक्रवार को नैनीताल के पर्यटक आवास गृह सूखाताल से हरी झंडी दिखा कर 29 यात्रियों के पहले दल को बद्रीनाथ के लिए रवाना किया। बता दें कि दीन दयाल उपाध्याय मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल से 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का बद्रीनाथ धाम के दर्शन के लिए प्रथम दल रवाना हुआ जिसमें 29 यात्री शामिल (16 महिलायें एवं 13 पुरुष) रहे। चार दिवसीय यात्रा नैनीताल से प्रारम्भ होकर कालेश्वर,बद्रीनाथ वापस कर्णप्रयाग व नैनीताल लौटेगी साथ ही द्वितीय दल शनिवार (आज) को पर्यटक आवास गृह सूखाताल से रवाना होगा। इस अवसर पर पर्यटन विभाग से चन्दन सिंह बिष्ट मुख्य प्रशानिक अधिकारी नैनीताल समेत भी0 गफ्फार एवं प्रभारी पर्यटक आवास गृह सूखाताल प्रकाश मेहरा एवं निगम के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



### समाजसेवियों ने लावारिस को पहुंचाया अस्पताल

**हल्द्वानी।** समाजसेवी हेमंत गोलियां हरिश्चंद्र जोशी के द्वारा रोड पर पड़े ललित लावारिस उम्र 50 को सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में भर्ती कराया गया। 108 सेवा से अस्पताल पहुंचाया हाथ पैरों सर में गंभीर छोट लगी थी लोगों द्वारा बताया गया कि वह लाइट जाने के कारण शॉपिंग मॉल सीडी से चौथी मंजिल से पूर्व में गिर चुका है उसके गंभीर चोटें आई है वह चल भी नहीं पा रहा है और वह दर्द के मारे रो रहा था। उसके आगे पीछे कोई नहीं है व एक पत्नी है वह भी मानसिक बीमार है। उसे कुछ नहीं पता क्या हो रहा है वह नेपाली मूल का है हल्द्वानी जेल रोड कंपलेक्स में रहकर गुजारा करते हैं वह बहुत दिनों से वहीं पर पड़ा हुआ था इस पर समाजसेवी हेमंत गोनिया, हरिश्चंद्र जोशी मौके पर पहुंचे।

# पहाड़ी आर्मी के तथाकथित संस्थापक पर हो कार्रवाई

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



भीम आर्मी के नगर अध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में कोतवाल से भेंट करके पहाड़ी आर्मी के तथाकथित संस्थापक हरीश सिंह रावत पर एट्रोसिटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई। भीम आर्मी के पूर्व जिला प्रभारी नवीन चंद्र आर्य मूल निवासी के साथ पहाड़ी आर्मी के तथा कथित संस्थापक हरिश सिंह रावत काफी समय से राजनीतिक व सामाजिक कुंठा रखते हैं तथा पूर्व में भी कई बार गाली गलौज व पीटने की धमकी देता रहा है कल दिनांक 06.11.2024 को भी पूर्व की भाँति आम सड़क पर ही सार्वजनिक रूप से गाली गलौज करने लगा तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने लगा इसके गवाह महेश कुमार व अन्य है जरूरत पर गवाही दे देंगे संज्ञान में आया है कि उपरोक्त हरिश सिंह रावत अपराधी प्रवृति का व्यक्ति है तथा पहाड़ी आर्मी की आड़ में लोगों से अवैध वसूली करता है तथा पहाड़ी आर्मी बनाकर युवाओं को भड़काने का काम तथा उनके अंदर जातिगत हीन भावना डालकर उनके दिमाग में अपराधी मानसिकता पैदा करना चाहता है, हरीश सिंह रावत इस कृत्य से भीम आर्मी कार्यकर्ताओं में बहुत रोष है यदि उक्त मामले में कोई संख्या नहीं लिया गया तो भीम आर्मी सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगी। महोदय से अनुरोध है कि उपरोक्त की जांच कर एट्रोसिटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया जाए तथा भीम आर्मी के पदाधिकारी की जान माल की सुरक्षा की जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सिराज अहमद, जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान, नगर अध्यक्ष विकास कुमार, हरीश लोधी, सुलेमान मलिक, मोहन लाल आर्य, तस्लीम खान, अनीत कुमार, राम कुमार आदि शामिल थे।


उत्तराखण्ड शासन
राज्य स्थापना दिवस
9 नवम्बर
की हार्दिक शुभकामनाएं
"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरुप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मज़बूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# विकसित भारत - सशक्त उत्तराखण्ड

- नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) रैंकिंग में उत्तराखण्ड देश में प्रथम स्थान पर
- नकल विरोधी कानून का असर, तीन साल में रिकार्ड 17,500 से अधिक सरकारी रोजगार, आगे की भर्ती प्रक्रिया गतिमान
- राज्य आन्दोलनकारियों के लिए सरकारी सेवा में 10% क्षैतिज आरक्षण
- पिछले 20 माह मे जी एस डी पी में 1.3 गुना वृद्धि, प्रति व्यक्ति आय में पिछले 2 वर्षों मे 26 प्रतिशत बढ़ोतरी
- हाऊस ऑफ हिमालयाज़ उत्तराखण्ड के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने की मजबूत पहल
- नई फिल्म नीति के तहत उत्तराखण्ड की कुमाऊँनी, गढ़वाली, जौनसारी आदि क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों को कुल लागत का 50% अथवा 2 करोड़ तक सब्सिडी
- राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30% क्षैतिज आरक्षण
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) नीति के माध्यम से ओद्यौगिक निवेश को प्रोत्साहन
- स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिये रु. 200 करोड़ के वेंचर फण्ड की स्थापना
- भ्रष्टाचार की शिकायत हेतु 1064 एप तथा 1905 सी.एम. हेल्पलाइन
- को-ऑपरेटिव बैंको तथा सहकारी समितियों में महिलाओं के लिये 33% आरक्षण
- दीन दयाल उपाध्याय होम-स्टे योजना, राज्य में 5000 से अधिक होम-स्टे पंजीकृत
- उत्तराखण्ड राज्य के शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुदान राशि को कई गुना बढ़ाते हुए 50 लाख तक किया गया तथा एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान




**देवभूमि रजत उत्सव**
9 नवंबर 2024-25 | उत्तराखण्ड

**निवेशकों की पहली पसंद बनता उत्तराखण्ड**

- अच्छा व्यावसायिक वातावरण
- निवेश अनुकूल नीतियां
- अच्छी कानून व्यवस्था
- बेहतर कनेक्टिविटी

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

- प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन का सफल आयोजन
- समान नागरिक संहिता जल्द होगी लागू
- उधमसिंहनगर के खुरपिया फार्म में केंद्र सरकार द्वारा स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाऊनशिप की स्वीकृति
- हल्द्वानी में होगी खेल विश्वविद्यालय की स्थापना
- प्रदेश में 4 हजार से अधिक क्लस्टरों में जैविक कृषि
- राजकीय और सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें
- बहुप्रतीक्षित बहुउद्देशीय जमरानी, सोंग और लखवाड़ बांध परियोजनाओं पर कार्य गतिमान
- मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते रोजगार के अवसर, सोलर प्लांट स्थापित करने पर MSME के अंतर्गत 50% तक सब्सिडी
- रेल, रोड़, रोपवे और एयर कनेक्टिविटी का विस्तार
- उत्तराखण्ड में जबरन धर्मान्तरण पर रोक लगाने के लिए एक सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून लागू किया गया
- दंगा विरोधी कानूनः अब दंगाइयों पर कड़ी कारवाई करने के साथ ही दंगे में होने वाली सार्वजनिक सम्पत्ति के नुकसान की भरपाई भी दंगाइयों से ही की जाएगी
- महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु लखपति दीदी योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख तक का ऋण बिना ब्याज के
- मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत राज्य के करीब पौने दो लाख गरीब परिवारों को साल में 3 सिलेंडर मुफ्त रिफिल किए जा रहे हैं
- उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में विभिन्न देशों के उद्योगपतियों द्वारा 3.56 लाख करोड़ के एमओयू हस्ताक्षरित, लगभग 85 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग गतिमान

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

## News कॉर्नर

### अवैध खड़िया खनन मामले को कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया

**नैनीताल ।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने बागेश्वर जिले की तहसील कांडा के ग्राम घाड़ी व अन्य गांवों में अवैध खड़िया खनन होने के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा लिखे पत्र का स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खण्डपीठ ने ग्रामीणों का पक्ष सुनने के लिए अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली को न्यायमित्र नियुक्त किया है। इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि उनकी बात न तो जिलाधिकारी सुन रहे हैं और न ही शासन। ग्राम वासी स्वयं को विस्थापित करने मांग कर रहे हैं जिनके पास साधन थे वे हल्द्वानी बस गए लेकिन निर्धन लोग गांव मे ही रह गए। खड़िया खनन कारोबारी अवैध खनन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने हाईकोर्ट से न्याय दिलाने की मांग की है जिसका कोर्ट ने संज्ञान लिया है।

### नशा कर अराजकता फैलाने पर चार के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल।** नगर की तल्लीताल थाना पुलिस ने मॉलरोड समेत थाना क्षेत्र में शराब पीने तथा अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ अभियान चालाया। इसमें सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने व अराजकता फैलाने पर चार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल पुलिस ने तल्लीताल क्षेत्र व मॉलरोड क्षेत्र में नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाया। एक युवक मॉलरोड के किनारे सार्वजनिक स्थान पर शराब पीता नजर आया। क्षेत्र में शराब के नशे में धुत तीन युवक सार्वजनिक स्थान पर अराजकता फैलाते नजर आए। पुलिस की ओर से तत्काल चारों को रोका गया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि तल्लीताल निवासी सुनील, शुभम तथा राहुल व अमन के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

# साहित्य संवेदना व शिल्प विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

शिवानी का जीवन और साहित्य दिखाते हैं कि देश में स्त्री स्वाधीनता की एक कितनी खामोश लड़ाई पिछली सदी में शुरू हो गई थी और जिन स्त्रियों ने अगली पीढ़ी के लिए बौद्धिक क्षेत्र में राह प्रशस्त की उन्होंने इस लड़ाई में निजी स्तर पर कितना कुछ चुपचाप सहा और झेला था। शिवानी की नायिकाएं तमाम तरह की समस्याओं से जूझते हुए निरंतर संघर्ष करती हैं मगर कभी हार नहीं मानती। यह विचार वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. दिवा भट्ट ने शुक्रवार को कुमाऊँ विश्वविद्यालय की महादेवी वर्मा सृजन पीठ तथा साहित्य अकादमी नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी कथाकार शिवानी की जन्मशताब्दी के अवसर पर यूजीसी मालवीय मिशन टीचर्स



ट्रेनिंग सेंटर (हरमिटेज भवन) में आयोजित शिवानी का कथा साहित्य संवेदना और शिल्प विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किए।

प्रो.भट्ट ने कहा कि शिवानी में हमको निरंतर बदल रहे पर पितृ सत्तात्मक मूल्यों के पक्षधर भारतीय समाज की घरेलू और कामकाजी औरतों के जीवन की अनकही सच्चाईयों का बेबाक दर्शन होता है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि आज हिंदी में पढ़ने-लिखने की परंपरा को और अधिक सुदृढ़ करने की जरुरत है। पुस्तक लेखन में संख्या से अधिक गुणवत्ता को ध्यान में रखा जाना जरूरी है। बोले कि जो उत्कृष्ट लिखा जा रहा है उसे प्रकाशित होकर जनमानस के बीच आना चाहिए। इस संबंध में जो भी संभव होगा उस दिशा में प्रयास किए जायेंगे। प्रो.रावत ने कहा कि शिवानी ने जिस तरह अपने पात्रों के माध्यम से पहाड़ी जीवन व संस्कृति और पर्यावरण को प्रस्तुत किया है वह हिंदी साहित्य में अनूठा है। इस मौके पर विषय प्रवर्तन करते हुए साहित्य अकादमी की सामान्य परिषद् के सदस्य प्रो. देव सिंह पोखरिया ने कहा कि लोकप्रियता की दृष्टि से शिवानी आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी अपने समय में थी। स्वागत वक्तव्य साहित्य अकादमी के उपसचिव डॉ. देवेंद्र कुमार देवेश ने दिया। इससे पूर्व महादेवी वर्मा सृजन पीठ के निदेशक प्रो. शिरीष कुमार मौर्य द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंटकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और शिवानी जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। संगोष्ठी को हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग डीएसबी परिसर की अध्यक्ष प्रो.निर्मला ढैला बोरा सहित प्रो. चन्द्रकला रावत, डॉ. दिनेश कर्नाटक तथा डॉ. अनिल कार्की ने भी सम्बोधित किया। धन्यवाद महादेवी वर्मा सृजन पीठ के निदेशक प्रो. शिरीष कुमार मौर्य ने व्यक्त किया तथा संचालन पीठ समन्वयक मोहन सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. पदम सिंह बिष्ट, प्रो. एच.सी.एस. बिष्ट, प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, प्रो. ललित तिवारी, डॉ. रितेश साह, डॉ. शुभा मटियानी, डॉ. शशि पाण्डे, मेधा नैलवाल, डॉ.दीक्षा मेहरा, डॉ. कंचन आर्या, डा. मधुरा इमलाल, डॉ. विवेकानंद पाठक, डॉ. भावना जोशी, एच.एस. राणा, ललित मोहन तथा हिमांशु विश्वकर्मा व बहादुर सिंह कुँवर आदि उपस्थित थे।

# छात्रसंघ चुनाव को लेकर छात्रों की पुलिस के साथ तीखी झड़प

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

छात्र संघ चुनाव की मांग कर रहे छात्रों ने नैनीताल में कुमाऊं विश्वविद्यालय के हरमिटेज भवन में कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की गाड़ी के आगे बैठकर प्रदर्शन किया और उनकी गाड़ी को नहीं जाने दिया।

बता दें कि हरमिटेज भवन में आयोजित एक संगोष्ठी में पहुंचे कुलपति प्रो.रावत को बाद में पैदल ही हरमिटेज से विश्वविद्यालय गए। छात्रों के विवाद को देख मौके पर पुलिस को बुलाया गया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे छात्रों का पुलिस के साथ तीखी झड़प हुई। चुनाव की तिथि घोषित किए जाने की मांग को लेकर छात्र प्रदर्शन स्थल पर विश्वविद्यालय के कुलपति को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने राज्य सरकार और उच्च शिक्षा मंत्री डा.धन सिंह रावत के विरोध में जमकर नारेबाजी की। छात्रों के बढ़ते प्रदर्शन के बाद पुलिस ने छात्रों को व मुश्किल शांत



कराया जिसके बाद विवि सभागार में कुलपति और छात्रों की बैठक हुई।

बैठक में छात्र कुलपति से अपने विशेष अधिकार का प्रयोग करते हुए विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव करवाएं जाने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा समेत प्रो. ललित तिवारी, प्रो. आशीष तिवारी,डॉ दीपक मेलकानी,डॉ रितेश शाह समेत करन सती, आशीष कबडवाल, भास्कर जोशी,करन दनाई, अभिषेक, विशाल तथा शार्दुल नेगी, मोनिका, वैष्णवी,प्रशांत, कमलेश तथा तनिष्क मेहरा व अरमान तथा हिमांशु, जिया तथा संजय समेत अन्य लोग मौजूद रहे। छात्र संघ के चुनाव के सन्दर्भ में कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने स्पष्ट कहा कि उच्च न्यायालय का आदेश विश्वविद्यालय के लिए बाध्यकारी है। विश्वविद्यालय प्रशासन उच्च न्यायालय एवं शासन से निर्गत दिशा निर्देशों के क्रम में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करेगा।

# निशुल्क नेत्र शिविर में 87 मरीजों का उपचार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

**आयोजन**

- 12 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया
- हेमन्त साहू व प्रीती आर्या ने कहा जनहित में निरंतर प्रयास जारी

सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त साहू के प्रयासों से राजेन्द्र नगर में प्रभु नेत्रयाल द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान 87 मरीजों का उपचार किया गया।

इस मौके पर 12 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनका कल पूरी तरह निःशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त साहू व प्रीती आर्या ने कहा जनहित में निरंतर प्रयास जारी है लोगों को इलाज के लिए भटकना न पड़े। इसीलिए समय-समय पर वह कैंप लगाकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। इस मौके पर समाजसेवी विपिन गुप्ता मलय बिष्ट ऑप्टोमेट्रिस्ट निशा त्रिपाठी ऑप्टोमेट्रिस्ट शिवम राजपूत नर्सिंग स्टाफ स्वीटी सरकार चंद्रा देवी पुष्पा देवी गंगा देवी गुड्डी देवी शोभा देवी बलवन्त सिंह समेत तमाम लोग थे।



# नौकुचियाताल में खेल महाकुंभ का शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के राजकीय इण्टर कालेज नौकुचियाताल के खेल मैदान में शुक्रवार को न्याय पंचायत थपलिया मेहरागांव का खेल महाकुंभ का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया द्वारा किया गया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य गोपाल स्वरूप के संयोजकत्व एवं प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज जंगलियागांव डॉ. बालम सिंह रैक्वाल की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि अनिल चनौतिया एवं विशिष्ट अतिथि दुर्गादत्त पलड़िया ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाते हुए मार्च पास्ट की सलामी ली, विभिन्न विद्यालयों से आये शिक्षकों ने भाग लिया तथा लोखा एवं निर्णयक भूमिका अदा की। कार्यक्रम में आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी खेल के गणमान्य व्यक्ति एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार जोशी ने किया। टाइम कीपर के रूप में सुरेश चन्द्र सुनाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खिलाड़ियों एवं सभी आगंतुकों हेतु जलपान एवं भोजन की व्यवस्था उत्कृष्ट रही। महाकुंभ को सफल बनाने में समस्त स्टाफ एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# ट्रेन में महिला के स्वर्ण आभूषण समेत नगदी चोरी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

**घटना**

- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु

ट्रेन में सफर कर रही एक महिला के स्वर्ण आभूषण सहित हजारों रुपए की नगदी चोरों ने पर कर ली और उसका बैग उसी के पास फेंक कर फरार हो गए। इसकी सूचना पीड़िता ने काठगोदाम जीआरपी थाने में दी पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

जीआरपी पुलिस को सौंप तहरीर में खटीमा निवासी पार्वती जिमीवाल पत्नी स्वर्गीय त्रिलोक जिमीवाल ने जीआरपी पुलिस से कहा है कि वह दिल्ली से ट्रेन में खटीमा के लिए बैठी थी। उसकी बगल में ट्रेन में दो युवक और तीन महिलाएं भी सफर कर रही थी।

जब ट्रेन करीब शाम 4:00 बजे खटीमा रेलवे स्टेशन पहुंची तो पार्वती के बराबर में बैठे युवक वह महिलाओं ने कहा कि आपका बैग हम ट्रेन से नीचे उतार देंगे पार्वती ने इस पर हां कर दी जब उन लोगों ने पार्वती का एक बैग उठाकर ट्रेन से नीचे इसी बीच बैग में रखें लाखों रुपए के स्वर्ण आभूषण सहित आठ हजार रुपए की नगदी पर उन्होंने हाथ साफ कर लिया और बैग पार्वती के पास छोड़कर चले गए पार्वती जब टुकटुक में बैठकर अपने घर आई तुमने बैक खोल करके देखा तो उसके बैग से सब कुछ गायब था उसने इसकी सूचना काठगोदाम जीआरपी थाना पुलिस को दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### अधिवेशन में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा

**नैनीताल।** भीमताल विधानसभा के विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा कि उद्यान विभाग प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है और उद्यानों के विकास से ही प्रदेश का कायाकल्प किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने विश्वास दिलाया कि सरकार से वार्ता कर समस्याओं के समाधान प्राथमिकता से होगा।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

# लोकगीत प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार मो. फरहान अंसारी मिला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में शारदा संघ एवं युगमंच द्वारा आयोजित सुगम संगीत एवं लोकगीत प्रतियोगिता काफी उत्साह के वातावरण मे संपन्न हुई।

बता दें कि सुगम संगीत गजल एवं भजन की कनिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हर्षिता गोसाई जबकि द्वितीय पुरस्कार दिव्यांशी गोसाईं ने और तृतीय पुरस्कार लावण्या साह ने प्राप्त किया जबकि सांत्वना पुरस्कार ऋषभ एवं वैष्णवी को मिला। सुगम संगीत गजल एवं भजन की वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मो. फरहान अंसारी व द्वितीय पुरस्कार जतिन कुमार तथा तृतीय पुरस्कार यश



सिलेलाल ने प्राप्त किया जबकि सांत्वना पुरस्कार दीया आर्य एवं रोहित कुमार ने प्राप्त किया। विजेताओं को आकर्षक मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र के साथ नगद धनराशि के पुरस्कार भी प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान शारदा संघ के अध्यक्ष प्रो. देवेन्द्र सिंह बिष्ट तथा महासचिव प्रो. घनश्याम लाल साह समेत चंद्र लाल साह, ओ. पी. साह, जहूर आलम, प्रेम गोस्वामी तथा डिम्पल जोशी द्वारा योगदान दिया गया। विशेष धन्यवाद के रूप में आयोजन समिति की तरफ से शारदा संघ के अध्यक्ष प्रो. देवेन्द्र सिंह बिष्ट तथा युगमंच के अध्यक्ष जहूर आलम को सम्मानित किया गया।

# डॉक्टरों ने बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के पूर्व दिवस पर शुक्रवार को स्वास्थ्य सचिव के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में भी डॉक्टरों ने मरीजों को फल बांटे।

शुक्रवार को बीडी पांडे अस्पताल में पीएमएस डॉ. टीके टम्टा के नेतृत्व में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पीएमएस व अन्य डॉक्टरों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलकर उनका हाल जाना। उन्होंने मरीजों से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं व हो रही असुविधाओं की भी जानकारी मांगी और फल भी वितरित किए।

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मनोज जोशी समेत डॉ. द्रौपदी गर्ब्याल, डॉ एमएस दुग्ताल, डॉ. बीके मिश्रा, डॉ. प्रेमा, डॉ.आर एस मेर, डॉ प्रशांत ओली, डॉ एन एस रावत, डॉ. मोनिका कांडपाल, डॉ. गरिमा कांडपाल, मेट्रन शशिकला पांडे, सिस्टर रितु डेविड, भारती रस्तोगी, जानकी कनवाल, जयंती रावत, हेमा बोरा, हरीश भट्ट तथा शुभम कुमार व शांति आर्य व जितेश कुमार आदि मौजूद थे।

पूर्व प्रधान संपादकः स्व. वेदप्रकाश गुप्ता

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित

संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल

प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल

दूरभाष : 05946-224556

फैक्स:05946-283801

e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com

www.dainikuttaranchaldeep.com

आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558

समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।

संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत